पत्रांक–बि०प्र०सु०मि०सो० / HRMS-07/2020, सो०–2430

**बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी**

**(सामान्य प्रशासन विभाग)**

प्रेषक,

**डॉ० प्रतिमा,**
अपर मिशन निदेशक।

सेवा में,

**अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव,** सभी विभाग।
**पुलिस महानिदेशक,** बिहार, पटना।
**सभी प्रमण्डलीय आयुक्त।**
**सभी जिला पदाधिकारी।**

पटना, दिनांक–28/09/2022

विषयः– **HRMS पोर्टल पर नव नियुक्त राज्य कर्मियों का On Boarding के सम्बंध में।**

प्रसंगः– मिशन सोसाइटी का पत्रांक–1910, दिनांक–27.07.2022 तथा पत्रांक–2348, दिनांक–20.09.2022 ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों के संदर्भ में कहना है कि दिनांक–27.08.2022 से HRMS पोर्टल पर Payroll Module लागू हो चुका है और राज्य के नव निवयुक्त कर्मियों का वेतनादि विपत्र तैयार करने हेतु इनका On Boarding चालू करने का अनुरोध HRMS Helpdesk पर प्राप्त हो रहे हैं। सेवा पुस्त खोलने हेतु प्राधिकृत नियुक्ति प्राधिकार कार्यालय द्वारा HRMS पोर्टल पर प्राथमिक सूचनाओं की प्रविष्टि किया जाना है। विभाग के नियुक्ति प्राधिकारियों की सूची मिशन सोसाइटी के पत्रांक–2348, दिनांक–20.09.2022 के द्वारा विभागों से मांगी भी गयी है।

अतएव विभाग, प्रमण्डलीय आयुक्त कार्यालय, समाहरणालय एवं जिला पुलिस संगठन के लिये नव नियुक्त राज्य के नियमित कर्मियों को HRMS पोर्टल पर On Boarding करने के लिये प्रथम चरण में लिंक उपलब्ध कराया जा रहा है। इस लिंक द्वारा नवनियुक्त अर्थात वैसे नव नियुक्त कर्मी जिनकों पूर्व में CFMS अथवा CTMIS पर Onboard नहीं किया गया है, मात्र उनका On Boarding किया जाना है। CTMIS पर Onboard किये गये कर्मियों के संबंध में अलग से पत्र निर्गत किया जायेगा तथा प्रशिक्षण दिया जायेगा। नियुक्ति प्राधिकार कार्यालय द्वारा प्राथमिक प्रविष्टियों के बाद कर्मियों के वर्तमान पदस्थापन कार्यालय को इसे Approval के साथ प्रेषित कर दिया जायेगा, जहाँ अन्य प्रविष्टि कार्य CFMS Work Flow के तरह ही पूरा किया जायेगा। इस संबंध में दिनांक–15.09.2022 को प्रशिक्षण दिया गया है। अग्रेतर समाधान हेतु HRMS के Helpdesk से सम्पर्क किया जाय।

अनुरोध है कि विभागीय नियुक्ति प्राधिकारों की पूर्ण सूची शीघ्र उपलब्ध करायी जाय और इससे अपने सभी नियंत्रनाधीन कार्यालय प्रधानों को अवगत कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

28/9

(डॉ० प्रतिमा)
अपर मिशन निदेशक।

E:\ROHIT BPSM\HRMS\bpsm-hrms-7-2020.docx

ज्ञापांकः बि०प्र०सु०मि०सो० / HRMS-07/2020 सो० 2430, दिनांक 28/9/2022

प्रतिलिपिः निबंधक (स्थापना), उच्च न्यायालय, पटना / सचिव, बिहार विधान सभा एवं बिहार विधान परिषद / सभी विभागाध्यक्ष को कृपया सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/9

अपर मिशन निदेशक।

E:\ROHIT BPSM\HRMS\bpsm-hrms-7-2020.docx